रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी ई एन - ०८/२०२५ - CEN - 08/2025
Recruitment for Ministerial and Isolated Categories

RRB MINISTERIAL & ISOLATED 2025

Lab Assistant Grade III (Chemist & Metallurgist)

Ministerial and Isolated Categories | CEN 08/2025

HINDI ANSWER KEY

Official Answer Key

Complete Paper · 15 Jul 2026

Post	Lab Assistant Grade III (Chemist & Metallurgist)
Questions	100 per paper
Marking	+1 correct / -1/3 wrong
Duration	90 minutes
Sections	Professional Ability 50 · General Ability 50

Hindi: 4 question(s) printed in the stored English version (no keyed Hindi version saved), marked with a chip.

Every paper is printed from the official question text with the correct answer marked.

HOW TO USE THIS BOOK

1. Open the INDEX on the next page.
2. Click any row to jump straight to that date and shift.
3. The correct option of every question is ticked in green.
4. Use the bookmarks panel of your PDF reader to move between shifts.

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at
rank.qmaths.in

Blackbook
Score & Rank Calculator · rank.qmaths.in
Compiled 27 October 2026

INDEX · Click any row to open that paper

RRB Ministerial & Isolated 2025 - Lab Assistant Grade III (Chemist & Metallurgist) (Hindi) - 1 paper

PAPER	DATE	TIME	QUESTIONS	PAGE
Paper 1	**15 Jul 2026**	12:45 PM - 2:15 PM	100	3

Generated by rank.qmaths.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी ई एन - ०८/२०२५ - CEN - 08/2025
Recruitment for Ministerial and Isolated Categories

PAPER 1 of 1 · Lab Assistant Grade III (Chemist & Metallurgist) · Hindi

Exam	RRB Ministerial & Isolated 2025 (CEN 08/2025)
Post	Lab Assistant Grade III (Chemist & Metallurgist)
Test Date	15 Jul 2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Language	Hindi
Questions	100
Marking	+1 correct / -1/3 wrong

Correct option of the official answer key: **green with ✔**. Question IDs are RRB's own.

Section : Professional Ability

Q.1 भार विक्षेपण परीक्षण के दौरान, इस बात का स्पष्ट संकेत क्या है कि एल्युमीनियम छड़ में केवल प्रत्यास्थ विरूपण हुआ है?

Question ID : 4410092064880
Correct Option : 2

Ans

1. अभारण के बाद छड़ में स्थायी बंकन आ जाता है।
2. **अभारण के बाद छड़ अपनी मूल लंबाई में वापस आ जाती है। ✔**
3. छड़ की पृष्ठ रुक्ष हो जाती है।
4. छड़ की लंबाई के अनुदिश दृश्य दरारें दिखाई देती हैं।

Q.2 रासायनिक प्रतिरोध मूल्यांकन के दौरान पॉलियूरिथेन (PU) पेंट का अम्लों और क्षारकों दोनों से परीक्षण करना क्यों महत्वपूर्ण है?

Question ID : 4410092064740
Correct Option : 3

Ans

1. पेंट की केवल शुष्कन दरों की तुलना करने के लिए
2. सूर्य के प्रकाश के अंतर्गत रंग प्रतिधारण का मूल्यांकन करने के लिए
3. **विभिन्न संक्षारक अभिकर्मकों के प्रति प्रतिरोध का आकलन करने के लिए ✔**
4. पेंट की चिकनी फिनिश सुनिश्चित करना

Q.3 एक धातुविद् इस्पात प्रतिदर्श में एक विशिष्ट मिश्रात्वयन तत्व मिलाने के बाद उसकी कठोरता और निघर्षण प्रतिरोध में बढ़ोतरी देखता है। इस परिवर्तन के लिए संभवतः कौन-सा तत्व उत्तरदायी है?

Question ID : 4410092064899
Correct Option : 1

Ans

1. **टंगस्टन ✔**
2. सिलिकॉन
3. तांबा
4. सीसा

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा फाइबर अपनी कम लागत और अच्छी तनन सामर्थ्य के कारण निम्न-मध्यम-निष्पादन वाले मिश्रित अनुप्रयोगों के लिए बहुत अधिक उपयुक्त है?

Question ID : 4410092064766
Correct Option : 1

Ans

1. **ग्लास फाइबर ✔**
2. नायलॉन फाइबर
3. कॉटन फाइबर
4. कॉपर फाइबर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5	खरोंच परीक्षण (scratch test) में, विलेपन के आसंजन को मापने के लिए सामान्यत: किस प्राचल का उपयोग किया जाता है? Ans 1. घनत्व 2. क्रांतिक लोड ✔ 3. प्रत्यास्थता सीमा 4. गलनांक	Question ID : 4410092064813 Correct Option : 2
Q.6	पेंट करने से पूर्व कोच के पृष्ठ से पुराना पेंट और जंग हटाने के लिए सामान्यत: किस विधि का उपयोग किया जाता है? Ans 1. सीधे प्राइमर लगाना 2. तेल कोटिंग का उपयोग करना 3. यांत्रिक अपघर्षण ✔ 4. रासायनिक निक्षारण	Question ID : 4410092064716 Correct Option : 3
Q.7	पेंट को स्वच्छ धातु के पृष्ठ लगाने पर भी वह क्यों निकल सकता है? Ans 1. पेंट के पर्याप्त कोट न लगाने के कारण 2. प्राकृतिक ब्रिसल (bristle) वाले पेंटब्रश का उपयोग करने के कारण 3. अंतिम क्लियर टॉपकोट (topcoat) न लगाने के कारण 4. पेंटिंग के समय पृष्ठ पर अवशिष्ट आर्द्रता के कारण ✔	Question ID : 4410092064728 Correct Option : 4
Q.8	ऊष्मा उपचार के दौरान सरल कार्बन इस्पात की कठोरता बढ़ाने के लिए कौन-सा विशिष्ट तत्व सबसे अधिक उत्तरदायी होता है? Ans 1. फास्फोरस 2. सिलिकॉन 3. कार्बन ✔ 4. मैंगनीज	Question ID : 4410092064898 Correct Option : 3
Q.9	यंग मापांक का SI मात्रक क्या है? Ans 1. न्यूटन 2. किलोग्राम प्रति मीटर 3. पास्कल ✔ 4. मीटर प्रति सेकंड	Question ID : 4410092064873 Correct Option : 3
Q.10	इस्पात संचकन (steel casting) के रेडियोग्राफिक परीक्षण के दौरान, कौन-सा कारक प्रतिबिंब गुणवत्ता और आंतरिक दोषों का पता लगाने की क्षमता को सर्वाधिक प्रभावित करता है? Ans 1. उद्भासन के दौरान बैकग्राउंड का रंग 2. संचकन की प्री-क्लीनिंग की अवधि 3. प्रयुक्त की गई ऊर्जा और विकिरण का प्रकार ✔ 4. उपयोग की गई फिल्म कैसेट का आकार	Question ID : 4410092064833 Correct Option : 3

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.11 When comparing two metals with identical compositions, one shows high notch sensitivity in impact testing while the other does not. What likely explains the difference? ENGLISH

Question ID : 4410092064876
Correct Option : 4

Ans

1. Difference in chemical composition
2. Variation in testing temperature only
3. Differences in sample size during testing
4. **Microstructural differences between the metals ✔**

Q.12 जब X-ray परीक्षण द्वारा एक मोटी इस्पात पट्टिका का निरीक्षण किया जाता है, तो रेडियोग्राफ में ऐसे क्षेत्र दिखाई देते हैं जो लगभग पूर्णत: सफेद होते हैं। इस अवलोकन का सर्वाधिक संभावित कारण क्या है?

Question ID : 4410092064830
Correct Option : 3

Ans

1. डेवलपमेंट से पहले अनुचित प्रहस्तन के कारण फिल्म में दोष
2. लंबे समय तक X-ray उत्सर्जन के कारण अत्यधिक एक्सपोज़र
3. **अपर्याप्त X-ray ऊर्जा के कारण अपर्याप्त एक्सपोज़र ✔**
4. उच्च फिल्म सुग्राहिता के परिणामस्वरूप ओवरएक्सपोज़्ड छवियां

Q.13 सार्वत्रिक परीक्षण मशीन में क्रॉसहेड (crosshead) का क्या कार्य होता है?

Question ID : 4410092064883
Correct Option : 2

Ans

1. यह परीक्षण के दौरान दीर्घीकरण को मापता है
2. **यह प्रतिदर्श पर बल लगाने के लिए गति करता है ✔**
3. यह संपूर्ण फ्रेम को आलंब प्रदान करता है
4. यह परीक्षण करने के बाद डेटा को रिकॉर्ड करता है

Q.14 विद्युत लेपन में विद्युत अपघटन के दौरान कौन-सी प्रक्रिया होती है?

Question ID : 4410092064800
Correct Option : 1

Ans

1. **इलेक्ट्रोड पर विलेपन का निक्षेपण ✔**
2. पृष्ठ का यांत्रिक पॉलिशन
3. मिश्रात्वन तत्वों को हटाना
4. अवस्तर धातु का पिघलना

Q.15 औद्योगिक तेल के एक बैच का मूल्यांकन उच्च-तापमान फोर्जन प्रेस में उपयोग के लिए किया जा रहा है। प्रचालन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ज्वलनांक मापना आवश्यक है। नियंत्रित प्रयोगशाला स्थितियों में ज्वलनांक निर्धारित करने के लिए कौन-सी प्रक्रिया सर्वाधिक उपयुक्त है?

Question ID : 4410092064816
Correct Option : 1

Ans

1. **तेल के प्रतिदर्श को तप्त करना और नियमित अंतराल पर परीक्षण ज्वाला प्रयुक्त करना ✔**
2. तेल को तप्त करना और परीक्षण ज्वाला प्रयुक्त किए बिना प्रज्वलन का अवलोकन करना
3. तेल के प्रतिदर्श को शीतित करना और निश्चित अंतराल पर श्यानता रिकॉर्ड करना
4. तेल के प्रतिदर्श में एडिटिव मिश्रित करना और ज्वाला निर्माण का अवलोकन करना

Q.16 किसी इस्पात छड़ का परीक्षण अनुदैर्ध्य चुंबकीय क्षेत्र को प्रेरित करके और चुंबकीय कणों को अनुप्रयुक्त करके किया जाता है। संकेत, छड़ की लंबाई के लंबवत दिखाई देते हैं। इन संकेतों का सर्वाधिक संभावित कारण क्या है?

Question ID : 4410092064861
Correct Option : 2

Ans

1. गहराई में दबे हुए अधात्विक अंतर्वेश
2. **अनुप्रस्थ पृष्ठीय दरारों का उपस्थित होना ✔**
3. पृष्ठीय रुक्षता के कारण बनने वाली यादृच्छिक रेखाएं
4. छड़ की अक्ष के समानांतर पटलन

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, जल की बोतलें के निर्माण हेतु थर्मोप्लास्टिक के उपयोग का व्यावहारिक लाभ दर्शाती है?

Ans

1. जल की बोतल में ऊष्मारोधन के लिए थर्मोप्लास्टिक का उपयोग किया जाता है
2. **उपयोग के बाद जल की बोतलों को पिघलाकर नई बोतलों का निर्माण किया जा सकता है ✔**
3. थर्मोप्लास्टिक द्वारा, संचक का उपयोग किए बिना बोतलों का निर्माण किया जाता है
4. टूटने से बचने के लिए, कांच की बोतलों पर थर्मोप्लास्टिक का विलेपन किया जाता है

Question ID : 4410092064913
Correct Option : 2

Q.18 प्रयोगशाला परीक्षण के दौरान, क्रॉस-हैच आसंजन परीक्षण के बाद एक पेंट किया हुआ पैनल शल्कन दर्शाता है। यह पेंट सिस्टम के संबंध में क्या इंगित करता है?

Ans

1. **पेंट सिस्टम का अवस्तर से आसंजन खराब है ✔**
2. पेंट की परत अत्यधिक मोटी है
3. पृष्ठ पर असामान्य रूप से उच्च कांति (gloss) वाली फिनिश है
4. कोट्स के बीच रंग का मिलान असंगत है

Question ID : 4410092064730
Correct Option : 1

Q.19 अ-लौह धातुओं के संघट्ट परीक्षण में सामान्यतः किस प्रकार के प्रतिदर्श का उपयोग किया जाता है?

Ans

1. **खांचेदार प्रतिदर्श ✔**
2. खोखला बेलनाकार प्रतिदर्श
3. चूड़ीदार प्रतिदर्श
4. खांचे के बिना सपाट शीट प्रतिदर्श

Question ID : 4410092064796
Correct Option : 1

Q.20 ढलवाँ लोहे में कार्बन के संयुक्त रूप में विद्यमान होने पर कौन-सा गुणधर्म अति उच्च हो जाता है?

Ans

1. संदृढ़ता
2. तन्यता
3. प्रत्यास्थता
4. **अपघर्षी निघर्षण प्रतिरोध ✔**

Question ID : 4410092064770
Correct Option : 4

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा सूक्ष्म संरचनात्मक अभिलक्षण, धूसर ढलवां लोहे की तुलना में ग्रंथिकी ढलवां लोहे की उच्च चर्मलता को सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है?

Ans

1. **गोलाभ ग्रेफाइट ग्रंथिकाएं ✔**
2. शल्क ग्रेफाइट संरचनाएं
3. दीर्घित ग्रेफाइट आकृति
4. अनियमित ग्रेफाइट गुच्छ

Question ID : 4410092064906
Correct Option : 1

Q.22 पराश्रव्य परीक्षण के दौरान, वेल्ड मूल संगलन (weld root fusion) की कमी का संदेह होता है। इस दोष का पता लगाने के लिए कौन-सी प्रोब परिचालन (probe manipulation) तकनीक सर्वाधिक प्रभावी होगी?

Ans

1. **बीम को वेल्ड मूल क्षेत्र की ओर निर्देशित करने के लिए प्रोब का कोणन करना ✔**
2. अपरिवर्ती प्रोब दाब के साथ वेल्ड अक्ष के समानांतर स्कैन करना
3. प्रोब को वेल्ड अक्ष के लंबवत सतह पर घुमाना
4. सतह पर युग्मक की मोटाई को एकसमान रूप से बढ़ाना

Question ID : 4410092064851
Correct Option : 1

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.23 एक विद्यार्थी भिन्न-भिन्न तापमानों: 20 डिग्री सेल्सियस और 40 डिग्री सेल्सियस पर हाइड्रोमीटर का उपयोग करके तेल के घनत्व का परीक्षण करता है। तापमान बढ़ने पर तेल के घनत्व के लिए अपेक्षित प्रवृत्ति क्या है?

Question ID : 4410092064819
Correct Option : 1

Ans

1. **तापमान बढ़ने पर तेल का घनत्व घटता है ✔**
2. तापमान बढ़ने पर तेल का घनत्व बढ़ता है
3. तेल का घनत्व सभी तापमानों पर अपरिवर्ती रहता है
4. तेल का घनत्व बिना किसी निश्चित प्रवृत्ति के बदलता रहता है

Q.24 मानक रबर पदार्थों की कठोरता का परीक्षण करने के लिए सामान्यतः किस शोर पैमाने (Shore scale) का उपयोग किया जाता है?

Question ID : 4410092064748
Correct Option : 3

Ans

1. शोर D
2. शोर C
3. **शोर A ✔**
4. शोर B

Q.25 पराश्रव्य परीक्षण में, अन्वेषी शलाका (probe) और परीक्षण प्रतिदर्श पृष्ठ के बीच अनुप्रयुक्त युग्मक (couplant) की मुख्य भूमिका क्या होती है?

Question ID : 4410092064852
Correct Option : 2

Ans

1. स्कैनिंग के दौरान अन्वेषी शलाका को गति करने से रोकना
2. **पराश्रव्य तरंगों के प्रभावी संचरण को सुगम बनाना ✔**
3. मॉनिटर पर पराश्रव्य संकेतों के प्रदर्शन को बढ़ाना
4. परीक्षण से पहले परीक्षण प्रतिदर्श पृष्ठ को साफ करना

Q.26 एक तुलनात्मक परीक्षण के दौरान, गिअर सिस्टम में विघर्षण कम करने की क्षमता के लिए दो स्नेहकों का मूल्यांकन किया जाता है। स्नेहक X की लोड वहन क्षमता अधिक है, जबकि स्नेहक Y की लोड वहन क्षमता कम है। स्नेहक X का उपयोग करने पर किस परिणाम की सर्वाधिक संभावना है?

Question ID : 4410092064821
Correct Option : 3

Ans

1. गिअर दांते तीव्रता से घिसते हैं
2. तेल बदलने का अंतराल कम हो जाता है
3. **गिअर के पृष्ठ पर कम क्षति होती है ✔**
4. घर्षण ताप में उल्लेखनीय वृद्धि होती है

Q.27 एक शोधकर्ता इसका अवलोकन करता है कि एक मानक परीक्षण के दौरान एक तेल का नमूना एक निश्चित निम्न तापमान तक ठंडा करने पर प्रवाहित होना बंद हो जाता है। यह तापमान तेल के किस गुण को निरुपित करता है?

Question ID : 4410092064817
Correct Option : 3

Ans

1. स्फुरांक
2. श्यानता सूचकांक
3. **अधःस्त्रवण बिंदु ✔**
4. अभ्र बिन्दु

Q.28 रंजक अंतर्वेधी परीक्षण में डेवेलपर लगाने के चरण के दौरान, चिकने धात्विक पृष्ठ पर महीन दरारों को प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट करने के लिए कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त होती है?

Question ID : 4410092064859
Correct Option : 3

Ans

1. मोटे विलेपन के साथ आद्र निलंबन डेवेलपर का उपयोग करना
2. परत की मोटाई को नियंत्रित किए बिना जलीय डेवेलपर का छिड़काव करना
3. **शुष्क पाउडर डेवेलपर की पतली और एकसमान परत लगाना ✔**
4. बेहतर आवरण के लिए मोटे कणों वाले डेवेलपर का उपयोग करना

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.29 इस्पात के एक ब्लॉक में आंतरिक दोष ज्ञात करने के लिए इसका पराश्रव्य परीक्षण किया जाता है। पराश्रव्य तरंगों का कौन-सा गुण यह सुनिश्चित करता है कि उनका उपयोग बिना क्षति के, धातु के अंदर ऐसे दोषों का पता लगाने के लिए किया जा सकता है?

Question ID : 4410092064843
Correct Option : 1

Ans

1. **सामग्री की सीमाओं पर परावर्तित होने की उनकी क्षमता ✔**
2. धातुओं के माध्यम से उनकी चाल
3. ध्वनि तरंगों की तुलना में उनकी उच्च तीव्रता
4. श्रव्य तरंगों की तुलना में उनकी उच्च आवृत्ति

Q.30 अलौह पदार्थों में पृष्ठ दोषों की पहचान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण प्रभावी रूप से नहीं किया जा सकता है?

Question ID : 4410092064797
Correct Option : 4

Ans

1. भंवर धारा परीक्षण
2. रंजक अंतर्वेधी परीक्षण
3. दृश्य निरीक्षण
4. **चुंबकीय कण परीक्षण ✔**

Q.31 डायमंड इंडेंटर (diamond indenter) का कौन-सा गुणधर्म उसे कठोरता परीक्षण मशीन में कठोर धातुओं के परीक्षण के लिए उपयुक्त बनाता है?

Question ID : 4410092064892
Correct Option : 1

Ans

1. **लोड के अंतर्गत विरूपण के प्रति उच्च प्रतिरोध ✔**
2. धातुओं के साथ निम्न रासायनिक अभिक्रियाशीलता
3. प्रचालन के दौरान निम्न गलनांक
4. कक्ष ताप पर उच्च विद्युत चालकता

Q.32 संश्लेषित इनैमल पृष्ठ की चमक को प्रभावित करने की सबसे कम संभावना किस कारक में है?

Question ID : 4410092064736
Correct Option : 3

Ans

1. इनैमल के लिए उपयोग की जाने वाली अनुप्रयोग विधि
2. शुष्कन प्रक्रम के दौरान तापमान
3. **शुष्कन के दौरान प्रयोगशाला में परिवेशी ध्वनि ✔**
4. पेंटिंग से पहले पृष्ठ निर्मिति की विधि

Q.33 प्रयोगशाला परीक्षण के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सा कारक आसंजक की मापित आबंध सामर्थ्य को सबसे अधिक कम करता है?

Question ID : 4410092064754
Correct Option : 3

Ans

1. सभी आसंजकों के लिए एक सार्वभौमिक परीक्षण विधि लागू करना
2. सभी आसंजकों के लिए मानक परिपक्वन काल का उपयोग करना
3. **आसंजक को अप्लाई करने से पूर्व पृष्ठ का अनुचित रूप से निर्मलन ✔**
4. पूरे नमूनों में आसंजक की एकसमान मोटाई बनाए रखना

Q.34 साधारण कार्बन इस्पात का कौन-सा यांत्रिक गुण सामान्यत: कार्बन की मात्रा बढ़ने के साथ कम होता जाता है?

Question ID : 4410092064769
Correct Option : 2

Ans

1. तनन सामर्थ्य
2. **तन्यता ✔**
3. घर्षणरोध
4. कठोरता

Blackbook

Q.35 Which alloying element acts as an austenite stabilizer in steel? ENGLISH

Question ID : 4410092064781
Correct Option : 2

Ans
1. Vanadium
2. Nickel ✔
3. Titanium
4. Aluminium

Q.36 प्रयोगशाला के वातावरण में खराब आसंजन ज्ञात करने के लिए कौन-सी परीक्षण विधि सर्वोत्तम होगी?

Question ID : 4410092064731
Correct Option : 4

Ans
1. आवर्धक के द्वारा दृश्य निरीक्षण
2. कांति आकलन (Gloss assessment)
3. स्पेक्ट्रममापी के साथ रंग मापन
4. क्रॉस-हैच टेप परीक्षण (Cross-hatch tape test) ✔

Q.37 कॉपर की तुलनात्मक रूप से नरम प्रकृति के कारण इसकी कठोरता की जाँच सामान्यतः किस रॉकवेल कठोरता पैमाने का उपयोग करके की जाती है?

Question ID : 4410092064789
Correct Option : 2

Ans
1. रॉकवेल A
2. रॉकवेल B ✔
3. रॉकवेल D
4. रॉकवेल C

Q.38 उच्च तापमान परिस्थितियों के अंतर्गत सिलिकॉन के संयोजन के कारण स्टील के किस गुणधर्म में उल्लेखनीय सुधार होता है?

Question ID : 4410092064773
Correct Option : 2

Ans
1. तापीय भंजन
2. ऑक्सीकरण प्रतिरोध ✔
3. सरंध्रता
4. भंगुरता

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सी परीक्षण विधि, ROZ प्राइमर-लेपित पृष्ठ के संक्षारण प्रतिरोध का सर्वोत्तम आकलन करेगी?

Question ID : 4410092064732
Correct Option : 3

Ans
1. कठोरता दंतुरण परीक्षण
2. श्यानता आकलन
3. लवण फुहार उद्भासन परीक्षण ✔
4. तनन सामर्थ्य मापन

Q.40 तनन परीक्षण में प्रतिशत दीर्घीकरण क्या मापता है?

Question ID : 4410092064871
Correct Option : 1

Ans
1. विभंग के पश्चात प्रतिदर्श की लंबाई में उसकी मूल लंबाई के सापेक्ष वृद्धि ✔
2. प्रतिदर्श को विभंग करने के लिए आवश्यक अनुप्रयुक्त बल
3. मूल क्षेत्रफल के सापेक्ष विभंग पर अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल में कमी
4. विभंग तक अवशोषित कुल ऊर्जा

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.41 विलेपन की मोटाई मापने की किस विधि में विश्लेषण से पूर्व प्रतिदर्श को काटने और पॉलिश करने की आवश्यकता होती है?

Question ID : 4410092064812
Correct Option : 2

Ans
1. X-ray प्रतिदीप्ति (X-ray fluorescence)
2. **अनुप्रस्थ-परिच्छेदन (Cross-sectioning)** ✔
3. दीर्घवृत्तमिति (Ellipsometry)
4. अनुनादी परीक्षण (Resonant testing)

Q.42 रेडियोग्राफिक फिल्म प्रोसेसिंग के दौरान, अनुशंसित सीमा के भीतर फिक्सर विलयन के तापमान को नियंत्रित करना क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Question ID : 4410092064840
Correct Option : 3

Ans
1. अतिरिक्त डेवलपर विलयन की आवश्यकता को कम करने के लिए
2. इमेज क्वालिटी के लिए उपयुक्त प्रकार के विकिरण का चयन करने के लिए
3. **फिल्म इमल्शन के अत्यधिक फूलने या संकुचन को रोकने के लिए** ✔
4. संपूर्ण सिल्वर हैलाइड का धात्विक सिल्वर में पूर्ण रूपांतरण सुनिश्चित करने के लिए

Q.43 यदि चुंबकीय कणों का उपयोग करने से पहले धातु की छड़ को उचित प्रकार से चुंबकित नहीं किया जाता है, तो पृष्ठीय दरार के संसूचन पर सर्वाधिक संभावित प्रभाव क्या होगा?

Question ID : 4410092064863
Correct Option : 3

Ans
1. कणों के अत्यधिक जमाव के कारण पृष्ठीय दरारें अधिक दृश्य हो जाएंगी
2. कण पूरे पृष्ठ पर समान रूप से आकर्षित होंगे
3. **अपर्याप्त फ्लक्स रिसाव के कारण पृष्ठीय दरारें दिखाई नहीं दे सकती हैं** ✔
4. कणों द्वारा केवल पृष्ठ के नीचे की दरारें स्पष्ट होंगी

Q.44 प्लास्टिक के धातुओं से बंधन के दौरान पर आसंजक में विफलता का कारण क्या होता है?

Question ID : 4410092064755
Correct Option : 3

Ans
1. घनत्व में अंतर से आबंध विफलता उत्पन्न होती है
2. विद्युत चालकता के कारण विलगन उत्पन्न होता है
3. **तापीय प्रसार में अंतर से प्रतिबल उत्प्रेरित कर सकता है** ✔
4. पदार्थों के बीच रंग मेल नहीं होता है

Q.45 परिसज्जा अनुप्रयोगों के लिए क्रोमियम विद्युत लेपन द्वारा सामान्यत: किस प्रकार का विलेपन उत्पादित होता है?

Question ID : 4410092064808
Correct Option : 2

Ans
1. तापीय रोधिका विलेपन (Thermal barrier coating)
2. **मलिन-प्रतिरोधी विलेपन (Tarnish-resistant coating)** ✔
3. ऑक्साइड स्केल विलेपन (Oxide scale coating)
4. ग्रेफाइट विलेपन (Graphite coating)

Q.46 पॉलियूरिथेन (PU) पेंट का कौन-सा गुणधर्म इसके अपघर्षण प्रतिरोध को सबसे प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है?

Question ID : 4410092064738
Correct Option : 3

Ans
1. रंग वर्णक सांद्रता
2. विलायक वाष्पीकरण दर
3. **तिर्यकबद्ध बहुलक संरचना** ✔
4. पृष्ठ चमक स्तर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 तन्य ढलवां लोहे का कौन-सा गुण इसे जल आपूर्ति प्रणालियों में उपयोग किए जाने वाले पाइपों के निर्माण के लिए उपयुक्त बनाता है?

Question ID : 4410092064902
Correct Option : **2**

Ans

1. अधिक कठोरता के साथ कम तापीय प्रसार
2. **अच्छी सामर्थ्य के साथ अधिक दीर्घन ✔**
3. कम सामर्थ्य के साथ अधिक विद्युत चालकता
4. कम घनत्व के साथ अधिक सरंध्रता

Q.48 किसी सार्वत्रिक परीक्षण मशीन में लोड सेल पूर्ण पैमाने पर 2.0 mV/V की आउटपुट वोल्टता उत्पन्न करता है। यदि उत्तेजन वोल्टता को 10 V सेट किया जाता है और मापा गया आउटपुट 10 mV है, तो पूर्ण पैमाने के अंश के रूप में अनुप्रयुक्त लोड कितना है?

Question ID : 4410092064886
Correct Option : **4**

Ans

1. पूर्ण पैमाना लोड का 2.0
2. पूर्ण पैमाना लोड का 1.0
3. पूर्ण पैमाना लोड का 0.2
4. **पूर्ण पैमाना लोड का 0.5 ✔**

Q.49 आरोपित तनन लोड को कॉपर प्रतिदर्श के मूल अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्रफल से विभाजित करने पर कौन-सा प्राचल प्राप्त होता है?

Question ID : 4410092064786
Correct Option : **3**

Ans

1. चर्मलता
2. दीर्घीकरण
3. **प्रतिबल ✔**
4. विकृति

Q.50 प्रयोगशाला स्थल में काष्ठ के बंकन सामर्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए कौन-सा परीक्षण सबसे उपयुक्त होता है?

Question ID : 4410092064753
Correct Option : **3**

Ans

1. दीर्घीकरण के लिए तनन परीक्षण
2. इंडेंटर के साथ कठोरता परीक्षण
3. **तीन-बिंदु आनमनी परीक्षण ✔**
4. लोलक के साथ संघट्ट परीक्षण

Section : General Ability

Q.51 दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) L C I J P C X O Y S R O X B F M U B B U G E (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है

Question ID : 441009778693
Correct Option : **4**

Ans

1. 6
2. 4
3. 7
4. **5 ✔**

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.52 यदि गया है कि $137^{0.22} = x$, $137^{0.75} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का मान किसके सन्निकट होगा?

Question ID : 441009536548
Correct Option : 4

Ans
1. 25.28
2. 26.87
3. 23.07
4. **23.86** ✔

Q.53 यदि निम्नलिखित समीकरण में '÷' और '–' को आपस में बदल दिया जाए और '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

Question ID : 441009555178
Correct Option : 3

3 × 9 + 5 ÷ 16 – 4 = ?

Ans
1. 58
2. 66
3. **44** ✔
4. 50

Q.54 भारत के सबसे बड़े सोलर पार्कों में से एक, भड़ला सोलर पार्क किस राज्य में स्थित है?

Question ID : 4410092063749
Correct Option : 2

Ans
1. मध्य प्रदेश
2. **राजस्थान** ✔
3. आंध्र प्रदेश
4. गुजरात

Q.55 Which controversial policy of annexation was officially withdrawn by the Queen's Proclamation of 1858? ENGLISH

Question ID : 4410091775564
Correct Option : 4

Ans
1. Subsidiary Alliance
2. Ryotwari System
3. Permanent Settlement
4. **Doctrine of Lapse** ✔

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Question ID : 441009762919
Correct Option : 2

Ans
1. BD-EG
2. **JL-MP** ✔
3. GI-JL
4. LN-OQ

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.57 दी गई अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) W D O X G @ L + G @ G B D ? L W F \ $ W C (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans

1. चार
2. तीन
3. दो
4. एक ✔

Question ID : 441009788365
Correct Option : 4

Q.58 सात व्यक्ति, L, O, W, J, X, F और D, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
D के दाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, O और J का निकटतम पड़ोसी है। X, O के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
W और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

1. पांच
2. तीन
3. दो
4. चार ✔

Question ID : 4410091573943
Correct Option : 4

Q.59 UNESCO द्वारा मान्यता प्राप्त, सर्प जैसी मुद्राओं वाला नृत्य 'कालबेलिया' किस भारतीय राज्य का मूल नृत्य है?

Ans

1. गुजरात
2. असम
3. राजस्थान ✔
4. पंजाब

Question ID : 4410091898292
Correct Option : 3

Q.60 किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने कॉलेजियम प्रणाली के स्थान पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) लाने का प्रयास किया?

Ans

1. 99वां संवैधानिक संशोधन ✔
2. 97वां संवैधानिक संशोधन
3. 101वां संवैधानिक संशोधन
4. 102वां संवैधानिक संशोधन

Question ID : 4410091573920
Correct Option : 1

Q.61 एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर चुनें।

प्रश्न: 5 मित्र, A, B, N, O और R, अलग-अलग उम्र के हैं। उनमें सबसे छोटा कौन है?
(I) A से केवल दो लोग छोटे हैं। N, B से बड़ा है।
(II) B, A से छोटा है। O, B से छोटा है।

Ans

1. प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन II का डेटा पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।
2. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) पर्याप्त है। ✔
3. प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I का डेटा पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
4. कथन I और II दोनों के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Question ID : 4410091077579
Correct Option : 2

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.62 विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

Question ID : 4410091507264
Correct Option : 4

Ans

1. 1992
2. 1993
3. 1996
4. 1995 ✔

Q.63 दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L D I V B A N I Y G R A W Y Z K I X U I Y Z (दाएं)

ऐसे ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर भी है?

Question ID : 441009769385
Correct Option : 2

Ans

1. 3
2. 4 ✔
3. 6
4. 5

Q.64 भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना में किस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली थी?

Question ID : 4410091518425
Correct Option : 1

Ans

1. भारी उद्योग ✔
2. फसल बीमा
3. सूचना प्रौद्योगिकी
4. ग्रामीण शिल्प

Q.65 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।

B के नीचे केवल दो व्यक्ति रहते हैं। A एक विषम-क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 1 पर नहीं रहता है। E, C के ठीक ऊपर रहता है। F, D के ऊपर नहीं रहता है।

F के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Question ID : 441009712177
Correct Option : 1

Ans

1. तीन ✔
2. दो
3. एक
4. चार

Q.66 महेश ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक से ₹2,40,000 की राशि उधार ली है। 3 वर्ष बाद वह 7% वार्षिक दर से कितना साधारण ब्याज (₹ में) देगा?

Question ID : 441009570386
Correct Option : 1

Ans

1. 50,400 ✔
2. 51,400
3. 49,400
4. 52,400

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**
GET IT ON Google Play

Q.67 एक बेलनाकार स्तंभ का व्यास 140 cm और ऊँचाई 10 m है। ₹10 प्रति m^2 की दर से इसके वक्र पृष्ठ को पेंट करने की लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का प्रयोग करें।)

Ans

1. **₹440 ✔**
2. ₹420
3. ₹450
4. ₹402

Question ID : 441009600622
Correct Option : 1

Q.68 ब्रह्मपुत्र नदी निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर भारत में प्रवेश करती है?

Ans

1. असम
2. **अरुणाचल प्रदेश ✔**
3. मेघालय
4. नागालैंड

Question ID : 4410092063740
Correct Option : 2

Q.69 शब्द BUTHORING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से चौथा होगा?

Ans

1. H
2. Q
3. **N ✔**
4. M

Question ID : 441009780206
Correct Option : 3

Q.70 दिए गए कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।

कथन 1: जब वस्तु वक्रता केंद्र (C) से दूर होती है, तो अवतल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा तथा C एवं F के बीच छोटा होता है।
कथन 2: जब वस्तु वक्रता केंद्र (C) से दूर होती है, तो अवतल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा तथा C से दूर आवर्धित होता है।

Ans

1. केवल कथन 2 सही है।
2. **केवल कथन 1 सही है। ✔**
3. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
4. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

Question ID : 4410091352840
Correct Option : 2

Q.71 केंद्रक के भीतर कौन-सी संरचना राइबोसोमल उप-इकाइयों के संश्लेषण के लिए उत्तरदायी है?

Ans

1. **केंद्रिक (Nucleolus) ✔**
2. केंद्रकीय छिद्र (Nuclear pore)
3. केंद्रकीय आवरण (Nuclear envelope)
4. क्रोमैटिन (Chromatin)

Question ID : 4410092131334
Correct Option : 1

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 राजनीतिक कैदियों को बिना मुकदमे के हिरासत में रखने के अधिकार देने वाले ब्रिटिश कानून के विरुद्ध महात्मा गांधी ने 1919 में कौन-सा आंदोलन शुरू किया था?

Question ID : 4410091732097
Correct Option : 2

Ans

1. अहमदाबाद टेक्सटाइल मिल मजदूर सत्याग्रह
2. **रौलट सत्याग्रह ✔**
3. खेड़ा सत्याग्रह
4. चम्पारण सत्याग्रह

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम तरीके से यह वर्णन करता है कि सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, भारत में सुशासन के सिद्धांतों को कैसे बढ़ावा देता है?

Question ID : 4410092063716
Correct Option : 1

Ans

1. **लोक प्राधिकरणों में अधिकतम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करके ✔**
2. पारंपरिक न्यायालयों को स्वतंत्र नागरिक-नेतृत्व वाले अधिकरणों से प्रतिस्थापित करके
3. नागरिकों को मौजूदा सरकारी नीतियों को बदलने का अधिकार देकर
4. लोक अधिकारियों को आंतरिक निर्णयों को पूरी तरह से गुप्त रखने की अनुमति देकर

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-से मानव-निर्मित पारिस्थितिक तंत्र के उदाहरण हैं?

Question ID : 441009651824
Correct Option : 3

Ans

1. घास के मैदान और एक्वेरियम
2. बगीचे और जंगल
3. **बगीचे और खेत ✔**
4. चिड़ियाघर और जंगल

Q.75 यदि किसी डेटा सेट का माध्य 60 है और बहुलक 50 है, तो माध्य, माध्यिका और बहुलक के बीच आनुभविक संबंध का उपयोग करके माध्यिका ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)

Question ID : 4410092058493
Correct Option : 1

Ans

1. **57 ✔**
2. 60
3. 55
4. 58

Q.76 एक विद्यार्थी से गलती से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल छलक जाता है और फिर वह गिरे हुए अम्ल पर सोडियम हाइड्रॉक्साइड का विलयन डालता है। वर्णित उदासीनीकरण अभिक्रिया के अनुसार इस क्रिया का क्या परिणाम होगा?

Question ID : 4410091721185
Correct Option : 4

Ans

1. अम्ल अपेक्षाकृत अधिक सांद्रित हो जाएगा
2. कोई अभिक्रिया नहीं होगी
3. क्षार, अम्ल में परिवर्तित हो जाएगा
4. **अम्ल उदासीन हो जाएगा, जिससे लवण और जल बन जाएगा ✔**

Q.77 नवंबर 2025 में कौन-सा भारतीय क्रिकेटर, ODI (वन डे इंटरनेशनल) क्रिकेट में अब तक सर्वाधिक छक्के लगाने वाला खिलाड़ी बन गया?

Question ID : 4410091595651
Correct Option : 2

Ans

1. एमएस धोनी
2. **रोहित शर्मा ✔**
3. विराट कोहली
4. ऋषभ पंत

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**
GET IT ON Google Play

Q.78 भारतीय संविधान का वह कौन-सा भाग है जो शुरुआत में ही इसके मूल सिद्धांतों, लक्ष्यों और नैतिक दर्शन को रेखांकित करता है?

Question ID : 4410091502549
Correct Option : 2

Ans
1. मौलिक कर्तव्य
2. **उद्देशिका ✔**
3. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
4. मौलिक अधिकार

Q.79 जनवरी 2026 में चेन्नई में आयोजित 19वें नृत्य महोत्सव (Dance Festival) के दौरान प्रदान किया गया प्रतिष्ठित 'नृत्य कलानिधि' पुरस्कार किस शास्त्रीय नर्तकी को प्रदान किया गया?

Question ID : 4410092067320
Correct Option : 3

Ans
1. सोनल मानसिंह
2. रुक्मिणी देवी
3. **उर्मिला सत्यनारायणन ✔**
4. पद्मा सुब्रह्मण्यम

Q.80 नैदानिक परीक्षण के दौरान, एक बच्चे का कद असामान्य रूप से छोटा पाया जाता है। डॉक्टर को विकास एवं वृद्धि को प्रभावित करने वाली हॉर्मोन संबंधी कमी का संदेह है। इस स्थिति के लिए, किस ग्रंथि के उत्तरदायी होने की सर्वाधिक संभावना है?

Question ID : 4410091763577
Correct Option : 1

Ans
1. **पीयूष ग्रंथि ✔**
2. अधिवृक्क ग्रंथि
3. अग्न्याशय
4. अवटु ग्रंथि

Q.81 एक व्यापारी दो वस्तुओं को ₹1,000 प्रति वस्तु की दर से बेचता है। एक पर उसे 25% का लाभ और दूसरी पर 20% की हानि होती है। उसका कुल लाभ या हानि कितनी है?

Question ID : 441009563973
Correct Option : 4

Ans
1. ₹50 की हानि
2. ₹100 की हानि
3. न लाभ, न हानि
4. **₹50 का लाभ ✔**

Q.82 ₹2720 की राशि तीन व्यक्तियों P, Q और R के बीच इस प्रकार वितरित की जाती है कि P को Q के हिस्से का $\frac{2}{3}$ भाग तथा Q को R के हिस्से का $\frac{1}{4}$ भाग प्राप्त होता है। R का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Question ID : 4410091465487
Correct Option : 2

Ans
1. ₹1924
2. **₹1920 ✔**
3. ₹1922
4. ₹1918

Q.83 किसी परमाणु में उपस्थित न्यूट्रॉन का निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही वर्णन करता है?

Question ID : 4410091646794
Correct Option : 4

Ans
1. इस पर कोई विद्युत आवेश नहीं होता है और इसका द्रव्यमान नगण्य होता है
2. इस पर ऋणावेश होता है और इसका द्रव्यमान सार्थक होता है
3. इस पर धनावेश होता है और इसका द्रव्यमान नगण्य होता है
4. **इस पर कोई विद्युत आवेश नहीं होता है और इसमें पर्याप्त द्रव्यमान होता है ✔**

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.84 त्रिपुरा राज्य में बोली जाने वाली लोकप्रिय जनजातीय भाषा निम्नलिखित में से कौन-सी है?

Ans

1. कोकबोरोक ✔
2. खासी
3. योरूबा
4. ज़ुलु

Question ID : 4410091520575
Correct Option : 1

Q.85 यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान 500 g है और वह 4 m/s^2 से त्वरित हो रही है, तो उस पर लगने वाला बल कितना होगा?

Ans

1. 20 N
2. 2 N ✔
3. 2000 N
4. 200 N

Question ID : 4410091615311
Correct Option : 2

Q.86 The ability of a solute to dissolve in a solvent is called: ENGLISH

Ans

1. Solubility ✔
2. Miscibility
3. Diffusion
4. Concentration

Question ID : 4410091449291
Correct Option : 1

Q.87 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 B 2 D 4 A 2 C 3 = ?

Ans

1. 7
2. 5
3. 11
4. 9 ✔

Question ID : 441009989879
Correct Option : 4

Q.88 एक वस्तु की कीमत में प्रति वर्ष 10% की वृद्धि होती है। 2 वर्ष बाद, यह ₹1,210 हो जाती है। मूल कीमत कितनी थी?

Ans

1. ₹1,100
2. ₹960
3. ₹1,000 ✔
4. ₹900

Question ID : 441009855693
Correct Option : 3

Q.89 ΔABC में एक अंतःवृत्त है, जो AB, BC और AC को क्रमशः P, Q और R पर स्पर्श करता है। यदि AB - BC = 6 cm, AB - AC = 4 cm और ΔABC का परिमाप 41 cm है, तो PB + AR का मान (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans

1. 21
2. 19
3. 15
4. 17 ✔

Question ID : 441009592439
Correct Option : 4

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.90	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 591, 592, 590, 591, ?, 590 Ans 1. 591 2. 589 ✔ 3. 590 4. 588	Question ID : 441009588529 Correct Option : 2
Q.91	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से SRSR का संबंध UTUT से है। इसी प्रकार, ONON का संबंध QPQP से है। समान तर्क का पालन करते हुए, NMNM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? Ans 1. PPOW 2. POPO ✔ 3. PNOO 4. POOO	Question ID : 441009769426 Correct Option : 2
Q.92	जैव विविधता को समझने और संरक्षित करने के लिए जीवों का वर्गीकरण सबसे महत्वपूर्ण क्यों है? Ans 1. क्योंकि यह जीवों को विकसित होने से रोकता है। 2. क्योंकि यह प्रजातियों को यादृच्छिक नाम देता है। 3. क्योंकि यह हमें विशाल विविधता का व्यवस्थित रूप से अध्ययन करने में सहायता करता है। ✔ 4. क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन को संपूर्ण रूप से रोकता है।	Question ID : 4410092131347 Correct Option : 3
Q.93	L, I के पिता हैं। I, M का पुत्र है। S, T का भाई है। T, M का पुत्र है। L का T से क्या संबंध है? Ans 1. भाई 2. पुत्र 3. पति 4. पिता ✔	Question ID : 4410091568522 Correct Option : 4
Q.94	निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य, नेपाल और भूटान दोनों के साथ सीमा साझा करता है? Ans 1. बिहार 2. सिक्किम ✔ 3. अरुणाचल प्रदेश 4. असम	Question ID : 4410091667248 Correct Option : 2
Q.95	8 परिवारों की औसत मासिक बचत ₹4,500 है। यदि ₹6,300 की मासिक बचत वाला एक और परिवार समूह में शामिल हो जाता है, तो 9 परिवारों की नई औसत मासिक बचत कितनी होगी? Ans 1. ₹4,600 2. ₹4,900 3. ₹4,800 4. ₹4,700 ✔	Question ID : 4410092058352 Correct Option : 4

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.96 एक कारखाने की मशीन का वर्तमान मूल्य ₹2,91,600 है। 3 वर्ष पहले खरीदे जाने के बाद से इसका मूल्य 10% प्रति वर्ष की नियत दर से घट रहा है। ठीक 1 वर्ष पहले इसके मूल्य और खरीद की तारीख से 4 वर्ष की समाप्ति तक इसके कुल मौद्रिक मूल्यह्रास का योग कितना है?

Ans

1. **₹4,61,560 ✔**
2. ₹4,80,560
3. ₹4,75,200
4. ₹4,50,000

Question ID : 4410092058365
Correct Option : 1

Q.97 यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति 600.0 Hz और तरंगदैर्ध्य 0.5 m है, तो ध्वनि तरंग की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $1200.0\ ^{m}/_{s}$
2. $30.0\ ^{m}/_{s}$
3. $600.5\ ^{m}/_{s}$
4. $300.0\ ^{m}/_{s}$ ✔

Question ID : 4410091241101
Correct Option : 4

Q.98 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 12 का संबंध 5 से है। इसी तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 17 से है। इसी तर्क के अनुसार दिए गए विकल्पों में से 19 का संबंध किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संपूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना जैसी संक्रियाएं की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans

1. 9
2. 8
3. 10
4. **12 ✔**

Question ID : 441009591364
Correct Option : 4

Q.99 अगस्त 2025 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने निम्नलिखित में से किस संस्थान के साथ डेटा-आधारित नवाचारों के माध्यम से आधार संचालन की मजबूती, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए 5-वर्षीय अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए?

Ans

1. राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र
2. सिम्बायोसिस सांख्यिकी संस्थान
3. **भारतीय सांख्यिकी संस्थान ✔**
4. प्रगत संगणन विकास केंद्र

Question ID : 4410091560743
Correct Option : 3

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

GWY KBC OGG SLK ?

Ans

1. VPN
2. XPN
3. XRP
4. **WQO ✔**

Question ID : 4410091409228
Correct Option : 4

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play